दिनांकः 06.11.2026 समय: 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग से आम लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए व्यापक बदलाव लाने वाले विचार विकसित करने को कहा।

राज्य सरकार ने पदक विजेता 235 खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में आउट ऑफ टर्न नियुक्तियां देने के प्रस्तावों को मंजूरी दी।

रोशनी और खुशियों के पर्व दीपोत्सव की आज धनतेरस से शुरूआत-बाज़ारों में खरीदारों की रौनक।

प्रदेशभर में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत पिछले 21 दिनों में लगभग □ढ़ लाख किलो संदिग्ध खाद्य सामग्री सीज की गई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग से आम लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए व्यापक बदलाव लाने वाले विचार विकसित करने को कहा है। श्री मोदी ने नीति आयोग की नई टीम के साथ बैठक में विशेष रूप से वंचित वर्गों के जीवन में सुधार लाने और देश के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। श्री मोदी ने इस बैठक में जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिए प्रमुख शोध और शैक्षणिक संस्थानों तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री कल ही नई दिल्ली में एशियाई पैरा गेम्स 2026 के भारतीय दल से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और टीम स्प्रिट की भावना को बढ़ावा देते हैं।

000

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री □ॉ. जितेंद्र सिंह आज नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी □िजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान के पांचवें संस्करण की शुरुआत करेंगे। 30 नवम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जीवन प्रमाण ऐप के जरिए चेहरे की पहचान कर जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की सुविधा पर जोर दिया जाएगा। अभियान में 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ और महिला पेंशनभोगियों तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को विशेष सुविधा दी जाएगी। उम्र या अस्वस्थता के कारण अभियान स्थलों तक नहीं पहुंच पाने वाले पेंशनभोगियों के लिए घर पर ही जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

000

प्रदेश में तीसरे चरण के पंचायती राज चुनाव के तहत 116 पंचायत समितियों में 82 दशमलव 32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। हनुमानगढ़ जिले की पल्लू पंचायत समिति में सर्वाधिक 92 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, बालोतरा जिले की समदड़ी पंचायत समिति में सबसे कम 64 दशमलव 81 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में 27 जिलों की ग्राम

पंचायतों में 3 हजार 716 सरपंच और 34 हजार 218 वार्ड पंच पदों के लिए कल मतदान हुआ था। आज चुने गये सरपंच और वार्ड पंच, उपसरपंचों का चुनाव करेंगे।

000

राज्य में विभिन्न खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को अलग-अलग विभागों में आउट ऑफ टर्न नियुक्तियां दी जाएंगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समिति की सातवीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति ने 286 नए आवेदनों पर विचार के बाद 235 खिलाड़ियों के प्रस्ताव स्वीकृत किए हैं। इनमें नौ खिलाड़ियों को पुलिस उप अधीक्षक, जबकि दो खिलाड़ियों को उप निरीक्षक और आबकारी विभाग में पेट्रोलिंग ऑफिसर ग्रे□-द्वितीय के पद पर नियुक्ति मिलेगी। शेष 224 खिलाड़ियों को लिपिक ग्रे□-द्वितीय, कांस्टेबल, आबकारी सिपाही और उप जेलर के पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। इनमें 73 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं। दिसम्बर 2023 से अब तक 187 पदक विजेताओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

000

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से विकसित नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मूल्यांकन तंत्र के तहत यह पुरस्कार प्रदान किया गया। नई दिल्ली में भारत अक्षय ऊर्जा समिट और एक्सपो-2026 के समापन सत्र में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राजस्थान को यह सम्मान दिया। ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर और राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष रोहित गुप्ता ने पुरस्कार प्राप्त किया।

000

रोशनी और खुशियों के पर्व दीपोत्सव की आज से शुरूआत हो रही है। आज पहले दिन धनतेरस का पर्व मनाया जा रहा है। यह धन, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि, मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना करने और खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इस अवसर पर सोना, चांदी, बर्तन, वाहन और अन्य नई वस्तुएं खरीदने की परम्परा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की है कि हर परिवार में उमंग और आनंद का अखं□ दीप प्रज्ज्वलित रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने संदेश में सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, शांति और सम्पन्नता बनी रहने की कामना की है।

प्रदेशभर में धनतेरस पर होने वाली खरीदारी को लेकर बाजारों में रौनक बनी हुई है। राजधानी जयपुर में दीपावली पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। एक रिपोर्ट -

---

000

प्रदेशभर में चलाये जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने 4 नवम्बर तक 1 लाख 55 हजार 980 किलो संदिग्ध खाद्य सामग्री सीज की है। 13 अक्टूबर से चल रहे इस अभियान के दौरान 45 हजार 551 किलो से अधिक दूषित और नकली खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई है। अब तक तीन हजार 587 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर पांच हजार 95 नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। ये अभियान 8 नवम्बर तक चलेगा। इस बीच, त्यौहारी सीजन के मद्देनजर प्रदेशभर में विशेष निरीक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है। 2 नवम्बर से जारी इस अभियान में अब तक 241 प्रतिष्ठानों की जांच की गई है। अनियमितताएं मिलने पर 30 फर्मों को नोटिस जारी किए गए हैं और आठ लाख 16 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

000

दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे ने ट्रेनों और रेलवे परिसरों में निगरानी बढ़ा दी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि पटाखे, आतिशबाजी, गैस सिलें□र, पेट्रोल, □ीजल और केरोसिन सहित अन्य ज्वलनशील पदार्थ ट्रेन के यात्री □ब्बों और पार्सल में ले जाना प्रतिबंधित है। रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और पार्सल कार्यालयों में आरपीएफ, जीआरपी तथा रेलवे कर्मचारियों द्वारा सीसीटीवी, बैगेज स्कैनिंग और □ॉग स्क्रॉ□ की मदद से जांच की जा रही है।

000

राज्य स्तरीय ई-वेस्ट कलेक्शन कार्यशाला और संग्रहण अभियान आज जयपुर में आयोजित किया जाएगा। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मं□ल की ओर से राजस्थान इंटरनेशल सेंटर में ये कार्यक्रम होगा। मं□ल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से ई-वेस्ट की छंटनी, सुरक्षित संग्रहण, अधिकृत रिसाइकल और वैज्ञानिक निस्तारण के बारे में बताया जाएगा।

000